**थाना सिरौली जनपद बरेली**

**प्रेस नोट दिनाँक 29.07.2026**

**PS सिरौली #bareillypolice द्वारा चोरी की बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद, 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 29.07.2026 को थाना सिरौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0246/2026, धारा 303(2) बीएनएस में विवेचना एवं गश्त/जांच के दौरान पिपरिया मोड़ के पास एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र रामरतन, निवासी ग्राम अजोदया, थाना आंवला, जनपद बरेली, उम्र लगभग 19 वर्ष के कब्जे से एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (रंग काला-ग्रे) बरामद हुई। मोटरसाइकिल पर अस्थायी पंजीकरण संख्या T0324PB4532B अंकित थी। वाहन का चेसिस नं0 MD2A76AX6RPK26086 एवं इंजन नं0 PFXPRK43932 है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिरौली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पिपरिया मोड़ स्थित यात्री शेड के पास से अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र रामरतन, निवासी ग्राम अजोदया, थाना आंवला, जनपद बरेली, उम्र लगभग 19 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (रंग काला-ग्रे) बरामद हुई, जिसकी नंबर प्लेट पर अस्थायी पंजीकरण संख्या T0324PB4532B अंकित थी। वाहन को ई-चालान ऐप पर ऑनलाइन चेक करने पर उसका कोई विवरण उपलब्ध नहीं हुआ। जांच के दौरान वाहन का चेसिस नंबर MD2A76AX6RPK26086 एवं इंजन नंबर PFXPRK43932 पाया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त उक्त मोटरसाइकिल के संबंध में कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में वाहन चोरी का होना प्रकाश में आने पर अभियुक्त को उसके अपराध से अवगत कराते हुए मु0अ0सं0 0246/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत विधिक रूप से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**अपराधिक इतिहास का विवरणः-**

**1.पुष्पेन्द्र पुत्र रामरतन निवासी अजोदया थाना आंवला जनपद बरेली**

मु0अ0सं0 0246/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सिरौली जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

एक मोटरसाईकिल बजाज प्लाटिना।

**पूछताछः-**

पूछताछ पर अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र रामरतन निवासी अजोदया, थाना आंवला, जनपद बरेली, उम्र लगभग 19 वर्ष ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने दिनांक 26/27.07.2026 की रात्रि ग्राम लभारी से चोरी की थी। उसने स्वीकार किया कि पैसों के लालच में आकर उसने उक्त चोरी की घटना कारित की थी। अभियुक्त द्वारा अपने कृत्य पर पश्चाताप व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसी गलती पुनः न करने की बात कही गई।

**पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह थाना सिरौलीजनपद बरेली
2. रि0का0 2251 अरूण कुमार थाना सिरौली जनपद बरेली
3. रि0कां0 2270 अर्जुन पंवार थाना सिरौली जनपद बरेली
4. रि0कां0 2278 गंगेश्वर थाना सिरौली जनपद बरेली